प्रेस नोट

जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक 24.09.2024

➢ **थाना साइबर क्राइम, थाना रतनपुरी व थाना बुढाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा फर्जी/जाली कम्पनियां रजिस्टर कर उनके GST नम्बर पर फर्जी बिलिंग कर करोडो रुपये की राजस्व हानि करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 07 अभियुक्तगण -**

दिनांक 23.09.2024 को थाना साइबर क्राइम, थाना रतनपुरी व थाना बुढाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा फर्जी/जाली कम्पनियां रजिस्टर कर उनके GST नम्बर पर फर्जी बिलिंग कर राजस्व हानि करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 07 अभियुक्तगण 1. तसलीम पुत्र फरमान निवासी भनवाडा थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर 2. जुनैद पुत्र महताब निवासी भनवाडा थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर 3. आस मौहम्मद पुत्र मंगता निवासी मं0न0 529 गीतापुरी भूड कस्बा व थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर 4. सेठी पुत्र महावीर निवासी पश्चिमी पछाला कृष्णापुरी कस्बा बुढाना थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर 5. आसिफ पुत्र मंजूर निवासी म0न0 132 मण्डी दक्षिणी बस स्टैण्ड के पास कस्बा व थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर 6. मोईन पुत्र सरफराज निवासी म०नं0 31 मण्डी उत्तरी पानी की पुरानी टंकी के पास कस्बा व थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर 7. अजीम पुत्र समीम निवासी म०न० 153/7 मण्डी दक्षिणी भगत टाकीज के पास कस्बा व थाना बुढाना मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 08 मोबाइल फोन, 20 सिम कार्ड, 02 पेन कार्ड, 05 आधार कार्ड, करोडो रुपये के फर्जी GST बिल के आदान-प्रदान के स्क्रीनशॉट, 03 कॉपियां बरामद की गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना साइबर क्राइम पर मु0अ0स0 30/2024 धारा 3(5)/ 61(2)/238/318(4)/319(2)/336(3)/338/ 339/340(2) बीएनएस व 66C, 66D आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया।